निवेश मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह के समक्ष इण्डिया सेलुलर एण्ड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमण्डल ने दिया प्रस्तुतीकरण

# मोबाइल व इलेक्ट्रॉनिक पार्क 2.5 लाख को रोजगार देगा

राज्य मुख्यालय | विशेष संवाददाता

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, निवेश एवं निर्यात प्रोत्साहन मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह से कहा है कि मोबाइल एण्ड इलेक्ट्रानिक्स एक्ससरीज पार्क विकसित होने पर प्रदेश में लगभग नई 500 फैक्ट्रियां लगेंगी व दो से 2.5 लाख रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इससे उत्तर प्रदेश से लगभग 40 हजार करोड़ का निर्यात भी होगा। इससे प्रदेश में 04 से 05 बिलियन डालर का निवेश भी होगा।

इण्डिया सेलुलर एण्ड इलेक्ट्रानिक्स एसोसिएशन के एक प्रतिनिधि मण्डल ने गुरुवार को इस पार्क की स्थापना के संबंध में एक प्रजेंटेशन रखा। प्रतिनिधिमंडल में एसोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट विवेक वत्स एवं एक्जक्यूटिव डायरेक्टर राजेश शर्मा शामिल थे। एसोसिएशन ने इस पार्क को डेवलप करने के लिए 300 एकड़ का प्रोजेक्ट प्लान किया है। जिसमें सरकार उच्च स्तर पर विचार-विमर्श कर उद्यमियों को हर संभव सहायता उपलब्ध करायेगी।



सिद्धार्थनाथ सिंह, लघु उद्योग मंत्री

**40**

हजार करोड़ का निर्यात यूपी से होगा, 500 नई फैक्ट्रियां लगेंगी

**05**

अरब डॉलर का निवेश मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक पार्क में होगा

इलेक्ट्रानिक्स एसोसिएशन ने बताया कि इस प्रोजेक्ट में एनसीआर तथा पूर्वांचल रीजन को प्राथमिकता दी जायेगी। उन्होंने बताया कि यह इलेक्ट्रानिक्स एवं मोबाईल फोन के क्षेत्र में बहुत ही त्वरित विकास करने वाला उद्योग है। यह उद्योग भारत में 400 बिलियन का इलेक्ट्रानिक उत्पादन करेगा।

## रक्षा उत्पादन का गढ़ बनेगा डिफेंस कॉरिडोर

राज्य मुख्यालय। औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने उद्यमियों से आह्वान किया की वे राज्य सरकार के साथ पार्टनर के रूप में कार्य करें तथा उत्तर प्रदेश डिफेन्स कॉरिडोर को रक्षा उत्पादन सम्बन्धी गढ़ के रूप में विकसित करने में सहयोग करें। सतीश महाना ने यह बात सीआईआई द्वारा आयोजित चार दिवसीय आईएसडीए के दूसरे दिन विशेष सत्र में कही। उन्होंने बताया की रक्षा संरचना विकास तथा उत्पादन में कॉमन फैसिलिटेशन केंद्रों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। सशत्र सेनाओं में बढ़ते स्वदेशीकरण के परिणाम स्वरूप अधीनस्थ उद्योग जैसे की खाद्यान्न, अधोरचना, टेक्सटाइल आदि को भी बल मिलेगा। यूपीडा के सीईओ अवनीश अवस्थी ने कहा की अलीगढ़ नोड अगस्त में शिलान्यास, वहीं कानपुर नोड का सितम्बर में तथा झांसी नोड का अक्टूबर में शिलान्यास कराया जाएगा। यूपीडा लाइसेंस के लिए सिंगल विंडो क्लीयरेंस के दिए गए सुझाव को प्राधिकरण गंभीरता से लेगा और क्रियान्वन पर भी कार्य करेगा।



सतीश महाना, औद्योगिक विकास मंत्री